जी-20 के मुद्दों को समझाया

अग्रवाल कॉलेज में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

संगोष्ठी के अवसर पर पेंटिग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। संवाद

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आर एंड डी सेंटर द्वारा जी-20 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने की। जिसमें डॉ. जीएस कपूर मुख्य अतिथि रहे।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान के लिए अग्रवाल कॉलेज को चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी का उद्द्देश्य विद्यार्थियों को जी-20 के मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बहुत अच्छे से उदाहरणों के द्वारा सदाचार और भ्रष्टाचार के अंतर को बखूबी समझाया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वह मानसिक रूप से शपथ लें कि वह भ्रष्टाचार ना करेंगे और ना ही करने देंगे। यह समुदायों और देश की समृद्धि और सुरक्षा में भी बाधा डालता है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार कोई स्थानीय घटना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक घटना है। इस संगोष्ठी में एनएसएस, स्वच्छता सेनानी टीम, एनसीसी, यूथ रेड क्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। छात्रों में जागरूकता और रुचि पैदा करने के लिए कॉलेज परिसर में निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। जिसमें निबंध लेखन में 74 और पोस्टर मेकिंग में 68 विद्यार्थियों ने भाग लिया।